# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## SECOND TERM EXAMINATION (15 December 2023)
## HINDI COURSE - B
## Class – X (Set – A)

Time allowed : 3 hours　　　　　　　　　　　　　　　　Maximum Marks : 80

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

## खण्ड 'अ' वस्तुपरक-प्रश्न

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए—**

(1 × 5 = 5)

बड़ा बनने के लिए हमें विशाल काम करने की ज़रूरत नहीं होती, बल्कि प्रत्येक काम में विशालता के चिन्ह खोजने पड़ते हैं। अपने अंतर्मन में सदैव जिज्ञासा को जन्म देना होता है। दुनिया में ज्ञान का जो बोलबाला है, उसमें हमारे कौतूहल की केन्द्रीय भूमिका है। अल्बर्ट आईंस्टीन ने एक बार अपने साक्षात्कार में कहा था कि हमारी जिज्ञासा ही हमारे अस्तित्व का आधार है। बिना प्रश्न के हमारे जीवन में न तो गति आएगी और न कोई रस होगा। जब हम चिंतन करते हैं, तब नई बातें सामने आती हैं। कार्य करने का ही परिणाम है कि नई तकनीक ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी चीज़ें आज दुनिया में आ रही हैं। जब हम कहते हैं क्यों, कैसे, क्या, तब हमारे अन्दर की स्नायु प्राण ऊर्जा और संकल्प एक नई गति और उत्साह के साथ नवीनता की यात्रा करने लगते हैं।

हमें इस दुनिया की इतनी आदत पड़ चुकी है कि लीक से हटकर सोचना नहीं चाहते। कोई विभिन्नता नहीं, न ही कोई नवीनता है। यह कैसा जीवन है, जिसमें कोई कौतूहल नहीं कोई आश्चर्य नहीं ? इस जगत में हमारी स्थिति एक कीटाणु या विषाणु की तरह है, जो अपनी सुखमयी व्यवस्था में पड़े रहते हैं लेकिन जो स्वतंत्र होते हैं, वे हृदय की आवाज़ सुनते हैं। जो बड़ा होना चाहते हैं, इस दुनिया और इसकी प्रत्येक घटना, वस्तु एवं स्थिति पर अपना आश्चर्य प्रकट करते हैं। प्रत्येक घटना और वस्तु से परे हटकर सोचने और उसको देखने की कोशिश जो करते हैं, वही बड़ा बनते हैं। जिज्ञासु मन और बुद्धि ही दर्शन और विज्ञान की दुनिया बनाते हैं।

(i) **प्रत्येक काम में विशालता के चिन्ह खोजने से लेखक का अभिप्राय है—** 1

(क) बड़ी सोच व्यक्ति को बड़ा बनने की प्रेरणा देती है

(ख) प्रत्येक काम को महत्त्व देकर गहराई से समझें

(ग) प्रत्येक काम को करने के लिए सदैव तत्पर रहें

(घ) प्रत्येक काम का आयोजन बड़े पैमाने पर करें।

(ii) **निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।** 1

**कथन (A) :** जिज्ञासा ही हमारे अस्तित्व के आधार की परिचायक है।

**कारण (R) :** क्योंकि यह शारीरिक व मानसिक रूप से क्रियाशील रखती है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iii) **अस्तित्व शब्द का अर्थ है–** 1

(क) विद्यमानता

(ख) जिज्ञासु प्रवृत्ति

(ग) गतिमान

(घ) नवीनता

(iv) **नवीनता की यात्रा करने से हम परम्परागत प्रणालियों से विमुख हो रहे हैं। नवीनता के पक्षधर के रूप में इसकी आवश्यकता के लिए उपयुक्त तर्क है–** 1

(क) हमारी मानसिक स्थिति एक कीटाणु या विषाणु की तरह है।

(ख) हमारे शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक व राष्ट्रीय विकास के लिए है।

(ग) जो स्वतंत्र मानसिकता वाले होते हैं, वे दूसरों की आवाज़ सुनते हैं।

(घ) जब हम चिंतन करते हैं, तब नई बातें सामने आती हैं।

(v) **लीक से हटकर सोच को विकसित करने के लिए आवश्यक है–** 1

(क) सुखमय व्यवस्था

(ख) हृदय की आवाज़ सुनना

(ग) अंतर्मन में सदैव जिज्ञासा

(घ) दर्शन और विज्ञान की दुनिया।

3

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** (1 × 5 = 5)

कृषि में हरी खाद उस सहायक फ़सल को कहते हैं जिसकी खेती मुख्यतः भूमि में पोषक तत्त्वों को बढ़ाने तथा उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के उद्देश्य से की जाती है। प्रायः इस तरह की फ़सल को हरित स्थिति में हल चलाकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। हरी खाद से भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ती है और भूमि की रक्षा होती है। मृदा के लगातार उपयोग से उसमें उपस्थित पौधे की बढ़वार के लिए आवश्यक तत्त्व नष्ट होते जाते हैं। इनकी क्षतिपूर्ति के लिए और मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए हरी खाद एक उत्तम विकल्प है। बिना गले-सड़े हरे पौधे (फ़सलों अथवा उनके भाग) को जब मिट्टी की नत्रजन या जीवांश की मात्रा बढ़ाने के लिए खेत में दबाया जाता है तो इस क्रिया को हरी खाद देना कहते हैं।

हरी खाद के उपयोग से न सिर्फ़ जीवांश भूमि में उपलब्ध होता है बल्कि मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा में भी सुधार होता है। वातावरण तथा भूमि प्रदूषण की समस्या को समाप्त किया जा सकता है। लागत घटने से किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होती है, भूमि में सूक्ष्म तत्त्वों की आपूर्ति होती है साथ ही साथ मृदा की उर्वरा शक्ति भी बेहतर हो जाती है।

(i) **हरी खाद का उपयोग खेतों में क्यों किया जाना चाहिए?** 1

(क) रासायनिक खाद की महँगी लागत से बचने के लिए।

(ख) रासायनिक खाद के ज़हर से बचने के लिए।

(ग) खेती के पारंपरिक तरीकों को बढ़ावा देने के लिए।

(घ) मिट्टी की उर्वरता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए।

(ii) **मिट्टी का उपजाऊपन कैसे कम हो जाता है?** 1

(क) रासायनिक खाद के उपयोग से।

(ख) समय पर वर्षा न होने से।

(ग) मिट्टी के निरंतर उपयोग से।

(घ) तेज़ आँधी-तूफ़ान के आने से।

(iii) **'हरी खाद देना' क्रिया कहा जाता है–** 1

(क) खेतों में हरे रंग की खाद का प्रयोग करने को।

(ख) खेतों में ताज़ी खाद का प्रयोग करने को।

(ग) गलने-सड़ने से पूर्व सहायक फ़सल को खेतों में दबाने को।

(घ) गलने-सड़ने के बाद सहायक फ़सल को खेतों में दबाने को।

(iv) **हरी खाद के उपयोग से भूमि में क्या परिवर्तन नहीं होता।** 1

(क) भूमि में नमी बढ़ती है।

(ख) वातावरण शुद्ध होता है।

(ग) मिट्टी में जीवांश बढ़ते हैं।

(घ) भूमि की उर्वरता बढ़ती है।

(v) **निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:** 1

**कथन (A) :** मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए हरी खाद एक उत्तम विकल्प है।

**कारण (R) :** हरी खाद से मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा में सुधार होता है और लागत घटती है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

# व्यावहारिक व्याकरण

**3.** *निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* (1 × 4 = 4)

(क) 'तताँरा नामक एक युवक को वामीरों से प्रेम हो गया।' रेखांकित पदबंध का भेद है (1)

(i) संज्ञा पदबंध (ii) सर्वनाम पदबंध (iii) क्रिया-विशेषण पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

(ख) 'तीसरी कसम' फिल्म का निर्माण शैलेंद्र द्वारा किया गया था।' वाक्य में क्रिया पदबंध है (1)

(i) फिल्म का निर्माण (ii) तीसरी कसम (iii) द्वारा (iv) किया गया था

(ग) विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटिए (1)

(i) वह मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों की भाषा भी समझता था (ii) घर में कबूतरों ने घोंसला बना लिया था

(iii) दिमाग की रफ्तार धीरे-धीरे धीमी पड़ने लगी (iv) 'वजीर अली' एक जाँबाज सिपाही था

(घ) 'टोपी और इफ्फन की दादी अलग-अलग मजहब और जाति की थीं, पर एक अटूट रिश्ते से बँधी थीं।' रेखांकित पदबंध का भेद है (1)

(i) संज्ञा पदबंध (ii) क्रिया पदबंध (iii) क्रिया-विशेषण पदबंध (iv) सर्वनाम पदबंध

(ङ) 'फैलते हुए प्रदूषण ने मनुष्य के जीवन में अनेक प्रकार की समस्याएँ पैदा कर दीं।' रेखांकित पदबंध का भेद है (1)

(i) सर्वनाम पदबंध (ii) संज्ञा पदबंध

(iii) विशेषण पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

**4.** *निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* (1 × 4 = 4)

(क) 'जब दुःशासन ने भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण किया था, तब आपने ही चीर को बढ़ाया था।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा (1)

(i) दुःशासन द्वारा भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण करने पर आपने चीर बढ़ाया था।

(ii) दुःशासन ने भरी सभा में चीरहरण किया और आपने चीर बढ़ाया था।

(iii) आपने चीर बढ़ाया था, क्योंकि दुःशासन ने भरी सभा में चीरहरण किया था।

(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ख) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए। (1)

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. सूर्योदय होने पर कुहासा जाता रहा। | 1. संयुक्त वाक्य |
| B. जैसे ही सूर्योदय हुआ वैसे ही कुहासा जाता रहा। | 2. सरल वाक्य |
| C. सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा। | 3. मिश्र वाक्य |

कूट

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (i) | 1 | 3 | 2 |
| (ii) | 2 | 3 | 1 |
| (iii) | 3 | 1 | 2 |
| (iv) | 1 | 2 | 3 |

(ग) 'मेहनत न करने के कारण वह रह गया।' दिए गए वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा (1)

(i) उसने मेहनत नहीं की और वह रह गया। (ii) उसने मेहनत नहीं की, इसलिए वह रह गया।

(iii) वह रह गया, क्योंकि उसने मेहनत नहीं की। (iv) उसने मेहनत भी नहीं की और रह भी गया।

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है (1)

(i) लेखक अव्वल दरजे में पास हुआ था। (ii) सुभाष बाबू को पकड़ा और लॉकअप में भेज दिया।

(iii) शैलेंद्र गीतकार ही नहीं, अपितु कवि भी थे। (iv) जैसे ही सूरज ढलता माँ पेड़ से पत्ता तोड़ने के लिए मना करती।

(ङ) 'माँ दूसरे अंडे को बचाने का प्रयास करने लगी, तभी माँ से वह अंडा भी गिर गया।' रचना के आधार पर वाक्य का भेद है (1)

(i) विधानवाचक वाक्य (ii) मिश्र वाक्य (iii) सरल वाक्य (iv) संयुक्त वाक्य

**5.** *निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* (1 × 4 = 4)

(क) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए (1)

| समस्तपद | | समास |
|---|---|---|
| 1. कृष्ण सर्प | — | कर्मधारय समास |
| 2. धर्म विमुख | — | तत्पुरुष समास |
| 3. रातों-रात | — | बहुव्रीहि समास |
| 4. गंगातट | — | अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(i) 1 और 3 (ii) 3 और 4

(iii) केवल 2 (iv) 1 और 2

A-3

(ख) 'विकारग्रस्त' शब्द के सही समास-विग्रह का चयन कीजिए (1)

(i) विकार में ग्रस्त है जो—कर्मधारय समास
(ii) विकार से ग्रस्त—तत्पुरुष समास
(iii) ग्रस्त है जो विकार—कर्मधारय समास
(iv) विकार और ग्रस्त—द्वंद्व समास

(ग) 'भवसागर' शब्द में कौन-सा समास है? (1)

(i) द्विगु समास (ii) तत्पुरुष समास (iii) द्वंद्व समास (iv) कर्मधारय समास

(घ) 'शासनपद्धति' समस्तपद का विग्रह होगा (1)

(i) शासन का पद्धति (ii) शासन पर पद्धति (iii) शासन की पद्धति (iv) शासन से पद्धति

(ङ) 'ध्यानमग्न' का समास-विग्रह एवं भेद होगा (1)

(i) ध्यान में है जो मग्न—कर्मधारय समास
(ii) ध्यान और मग्न—द्वंद्व समास
(iii) ध्यान में मग्न—तत्पुरुष समास
(iv) ध्यान के लिए मग्न—अव्ययीभाव समास

6. निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×4=4)

I. मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए।

(क) खून जलाना परेशान न हांना(ख) तीर मारना बड़ा काम करना

(ग) गिरह बॉधना प्रसन्न्न रहना(घ) राह न सूझना उपाय मिलना

II. 'अति सरल काम' के लिए उपयुक्त मुहावरा है-

(क) दाएँ हाथ का खेल(ख) अंधे की लाठी(ग) बाएँ हाथ का खेल(घ) अंधे के हाथ बटेर लगना

III. बात कुछ भी नहीं है, तुम यों ही विकल्प का चयन कीजिए । बना रहे हो। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त

(क) पत्थर की लकीर(ख) उल्लू बनाना(ग) राई का पहाड़ बनाना(घ) गुदड़ी का लाल

IV. अन्याय के विरुद्ध ........... हर नागरिक का कर्तव्य है। उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति

(क) अँगारे उगलना(ख) हवा में उड़ना(ग) आवाज़ उठाना(घ) आग में घी डालना

V. रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा- तुम सारा दिन <u>पढ़ते ही रहते हो</u>, कभी खेल भी लिया करो ।

(क) गॉठ बॉध लेना (ख) घोड़े बेचकर सोना (ग) चिराग तले अँधेरा(घ) किताबी कीड़

VI. 'चुपचाप आना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा-

(क) हँसी-खेल होना(ख) दबे पॉव आना(ग) टूट पड़ना(घ) अलख जगाना

## पाठ्य-पुस्तक

**7.** *निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।* (1× 5 = 5)

राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नए काफिले
फतह का जश्न इस जश्न के बाद है
जिंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों

(क) 'नए काफिले' से क्या तात्पर्य है? (1)

(i) तीर्थयात्रियों की टोली
(ii) युद्ध के लिए तैयार सैनिकों की टोली
(iii) नए बलिदानी देशभक्तों की टोली
(iv) युद्ध का प्रशिक्षण पाए गए नए सैनिकों की टोली

(ख) सैनिक किसे सजाने की बात कर रहा है? (1)

(i) भारत माता के मस्तक को
(ii) जश्न मनाने वालों को
(iii) देश की कुर्बानियों को
(iv) बलिदानी सैनिकों के जत्थों को

(ग) 'राह कुर्बानियों की न वीरान हो' पंक्ति का क्या आशय है? (1)

(i) सैनिक देश के बारे में सोचते रहें
(ii) बलिदानी सैनिकों की परंपरा बनी रहे
(iii) सैनिक सोच-समझकर आगे बढ़ें
(iv) बलिदानी सैनिक आगे बढ़ने की सोच में रहें

(घ) 'सिर पर कफन बाँधने' का किस ओर संकेत है? (1)

(i) जीवित रहने की ओर
(ii) सिर बचाने की ओर
(iii) देश पर बलिदान होने की ओर
(iv) सिर पर मुकुट बाँधने की ओर

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए (1)

1. बाह्य आडंबरों का विरोध करना चाहिए।
2. देश की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए।
3. बलिदानी देशभक्तों की कमी नहीं होनी चाहिए।
4. प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए।
5. पद्यांश की पृष्ठभूमि भारत-चीन युद्ध की ऐतिहासिक घटना है।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए

(i) 1, 2 और 3
(i) 1, 3 और 5
(iii) 2, 3 और 5
(iv) 2, 4 और 5

**8.** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।* (1 × 2 = 2)

(क) 'आत्मत्राण' कविता में कवि रोग रहित रहने की बात क्यों करता है? (1)

(i) शक्ति को बनाए रखने के लिए
(ii) भवसागर को पार करने के लिए
(iii) (i) और (ii) दोनों
(iv) जीवन की रक्षा करने के लिए

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में धरती पर अंबर टूट पड़ा सा क्यों जान पड़ता है?

(i) पर्वतों के उड़ जाने के कारण(ii) बादलों के बरसने के कारण

(iii) आकाश के गिर जाने के कारण(iv) तालाब में दिखाई देने के कारण

**9.** *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।* (1× 5 = 5)

किस्सा क्या हुआ था उसको उसके पद से हटाने के बाद हमने वज़ीर अली को बनारस पहुँचा दिया और तीन लाख रुपया सालाना वजीफ़ा मुकर्रर कर दिया। कुछ महीने बाद गवर्नर जनरल ने उसे कलकत्ता (कोलकाता) तलब किया। वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है। वकील ने शिकायत की भी परवाह नहीं की उलटा उसे बुरा-भला सुना दिया। वज़ीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेजों के खिलाफ नफरत कूट-कूटकर भरी है, उसने खंजर से वकील का काम तमाम कर दिया।

(क) "वज़ीर अली कंपनी के वकील के पास गया, जो बनारस में रहता था और उससे शिकायत की कि गवर्नर जनरल उसे कलकत्ता में क्यूँ तलब करता है?" कथन के माध्यम से वजीर अली के व्यक्तित्व की कौन-सी विशेषता ज्ञात होती है? (1)

(i) वज़ीर अली एक लाचार व्यक्ति था।
(ii) वज़ीर अली एक दार्शनिक व्यक्ति था।
(iii) वज़ीर अली एक स्वाभिमानी व्यक्ति था।
(iv) वज़ीर अली एक देशभक्त व्यक्ति था।

(ख) "वज़ीर अली के तो दिल में यूँ भी अंग्रेजों के खिलाफ नफरत कूट-कूटकर भरी है।" यह दर्शाता है, वजीर अली का/की (1)

(i) अभिमान
(ii) अपनत्व
(iii) कर्त्तव्यबोध
(iv) देशभक्ति

(ग) पद से हटाए जाने के बदले में वज़ीर अली को क्या दिया गया? (1)

(i) एक महल और दो रानियाँ दी गई थीं
(ii) तीन लाख रुपये सालाना दिया गया था
(iii) सरकारी पद पर नौकरी दी गई थीं
(iv) ये सभी

(घ) "उसे उसके पद से हटाने के बाद हमने वज़ीर अली को बनारस पहुँचा दिया" इस पंक्ति में 'हमने' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है? (1)

(i) अंग्रेजों के लिए
(ii) वकील के लिए
(iii) वज़ीर अली के लिए
(iv) सआदत अली के लिए

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1)

**कथन** (A) वज़ीर अली ने कंपनी के वकील की हत्या कर दी।

**कारण** (R) वज़ीर अली अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहता था।

*(i)* कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

*(ii)* कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

*(iii)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।

*(iv)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

10). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (1x2=2)

क). वज़ीर अली ने बहादुरी का काम किया था-

(i) उसने लार्ड वेल्जली की बात नहीं मानी थी।(ii) उसने लार्ड क्लाइव को मार डाला था।

(iii) उसने अंग्रेज़ों को खुली चुनौती दी थी।(iv) उसने अंग्रेज़ों के वकील की हत्या कर दी थी।

ख)) 'चा-नो-यू' विधि से चाय पीते हुए लेखक को कैसा महसूस हुआ?

(i) भविष्य के रंगीन सपने में खो गए।(ii) गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में डूब गए।

(iii) भारत के बारे में सोचने लगे ।

(iv) लेखक के दिमाग से भूत और भविष्य दोनों काल उड़ गए थे। केवल वर्तमान क्षण सामने था और वह अनंतकाल जितना विस्तत था ।

11) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए: (3x2=6)

(i) पहले जमीन के बड़े भाग में जंगल थे। पेड़-पौधों व पशु-पक्षियों से धरती हरी-भरी थी, परंतु धीरे-धीरे सब नष्ट होता जा रहा है। बढ़ती हुई आबादी से पर्यावरण में क्या परिवर्तन आए हैं? 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ii) 'कारतूस' एंकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि सआदत अली वज़ीर अली का सगा चाचा होते हुए भी उससे नफरत क्यों करता था ?

(iii)जापान में मानसिक रोग के क्या कारण बताए गए हैं? उससे होने वाले प्रभाव का उल्लेख करते हुए लिखिए कि इसमें 'टी-सेरेमनी' की क्या उपयोगिता है?

12)निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए:- (3x2=6)

(i)कवि ने लक्ष्मण रेखा को माध्यम बनाकर कौन सी बात कही थी?' कर चले हम फ़िदा 'कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'पर्वत प्रदेश में पावस 'कविता के आधार पर वर्षा ऋतु में इन्द्र की जादूगरी के दो उदाहरण दीजिए।

(iii) 'आत्मत्राण' शीर्षक का अर्थ बताते हुए उसकी सार्थकता कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

13निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए:- (3x2=6)

(i) इफ़्फ़न के पिता के तबादले के बाद टोपी शुक्ला का कोई और मित्र क्यों नहीं बन सका ?इसका उसके बाल मन पर क्या प्रभाव पड़ा?

(ii) रामदुलारी की मार से टोपी पर क्या प्रभाव पड़ा ?'टोपी शुक्ला 'पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) मानवीय मूल्यों के आधार पर इरफ़ान और टोपी शुक्ला की दोस्ती की समीक्षा कीजिए।

14) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग सौ शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:- (5)

क). झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई

संकेत बिंदु : • इतिहास में वीरांगनाओं का अस्तित्व जन्म बचपन विवाह • अंग्रेजों के साथ मुठभेड़ • महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व • उपसंहार ।

ख). विद्यालय में वन महोत्सव

संकेत बिंदु : • वृक्षारोपण कार्यक्रम का महत्त्व • विद्यालय के अनेक कार्यक्रम • मुख्य कार्यक्रम का वर्णन मन पर प्रभाव ।

ग). स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम

संकेत बिंदु : • स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन • स्वास्थ्य संतुलन के लिए व्यायाम आवश्यक • नियमित अभ् आवश्यक • विद्यार्थी जीवन में, व्यायाम आवश्यक • स्वास्थ्य एक अनमोल धन।

15) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग सौ शब्दों में औपचारिक पत्र लिखिए:- (5)

(I) खेल का सामान बेचने वाली कंपनी' स्पोर्ट्स इंटरनेशनल 'से आपने जो सामान मंगवाया था ,वह घटिया स्तर का और महँगा भेजा गया ।कंपनी के प्रबंध निदेशक को इसकी शिकायत करते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

(ii) आप मनीष/मनीषा हैं।प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर माध्यमिक परीक्षा की बोर्ड परीक्षाफल का लब्धांक पत्र डाक से भेजने का अनुरोध कीजिए

16) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए:- (4)

क) आपका स्कूल ग्रीष्मावकाश में दिल्ली से गोवा की यात्रा का आयोजन कर रहा है ।इस यात्रा से संबंधित सूचना पत्र लिखिए।

अथवा

ख) आप संस्कृति सर्वोदय समाज के सचिव हैं अपनी सोसाइटी के सदस्यों की आगामी बैठक की जानकारी देने के लिए एक सूचना पत्र लिखिए।

17) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग सौ शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए- (3)

क) पर्यावरण मंत्रालय द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

अथवा

ख) आपके शहर में एक मॉल खुला है ।उसके प्रचार प्रसार के लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।

18. "जहाँ सुमति तहँ संपत्ति नाना" विषय पर लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (5)

अथवा

आपका नाम अविनाश चटर्जी हैं। आपके क्षेत्र के नए डाकिए द्वारा डाक-वितरण में की जा रही गड़बड़ी की शिकायत करने के लिए अपने क्षेत्र के पोस्टमास्टर को एक ई-मेल लिखिए। (शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द)